समाहरणालय, पटना

(जिला सहकारिता शाखा)

Email : patnadco@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना के औपबंधिक मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

सहकारी निर्वाचन प्राधिकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के आदेश पत्रांक CEA-12011/343/2025 दिनांक–05.05.2026 इलेक्शन नं०–09/2025–26 के आलोक में **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना** के निदेशक मण्डल एवं पदधारकों का निर्वाचन किया जाना है।

बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 (यथा संशोधित, 2023) की धारा–38–(i) के प्रावधानो के अंतर्गत कुल **5633** मतदाताओं की सूची स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना द्वारा उपलब्ध करायी गई है। MSCS रूल 19–1–(i) के प्रावधानों के अंतर्गत प्राप्त मतदाता सूची को सहकार भवन, छज्जु बाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना कार्यालय, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना, स्टेट बैंक बिल्डिंग, जे०सी० रोड, थाना–पीरबहोर, अनुमण्डल–पटना सदर, जिला–पटना, बिहार–800001 के मुख्यालय एवं उसके बिहार, झारखण्ड के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के सूचना पट्ट एवं समिति के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाना है।

तदनुसार दिनांक–22.06.2026 को अपराह्न 05:00 बजे औपबंधिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाता है तथा इस पर दावा/आपत्ति आमंत्रित किये जाते हैं। दावा/आपत्ति प्राप्त करने एवं इसके निष्पादन के उपरांत अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु तिथिवार कार्यक्रम निम्नवत है:–

क्र०	कार्यक्रम का विषय	तिथि	समय	स्थान
1	औपबंधिक सदस्य सूची (जो मतदान के लिए योग्य है) के सूची का प्रकाशन	22.06.2026 (सोमवार)	अपराह्न 05:00 बजे	सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय/स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना, स्टेट बैंक बिल्डिंग, जे०सी० रोड, थाना–पीरबहोर, अनुमण्डल–पटना सदर, जिला–पटना, बिहार–800001 के मुख्यालय एवं बिहार, झारखण्ड के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के सूचना पट्ट एवं समिति के वेबसाईट पर।
2	औपबंधिक सदस्य सूची पर आपत्तियाँ	23.06.2026 से 25.06.2026 (मंगलवार से गुरूवार)	11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (प्रतिदिन)	सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा।
3	औपबंधिक सूची पर प्राप्त आपत्तियों की जाँच (यदि कोई हो)	29.06.2026 से 01.07.2026 (सोमवार से बुधवार)	11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक	सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय
4	मतदान योग्य अंतिम सदस्य सूची का प्रकाशन	01.07.2026 (बुधवार)	अपराह्न 05:00 बजे	सहकार भवन, छज्जुबाग स्थित जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना का कार्यालय/स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुपरवाइजिंग स्टाफ को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0, पटना, स्टेट बैंक बिल्डिंग, जे०सी० रोड, थाना–पीरबहोर, अनुमण्डल–पटना सदर, जिला–पटना, बिहार–800001 के मुख्यालय एवं बिहार, झारखण्ड के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के सूचना पट्ट एवं समिति के वेबसाईट पर।

इस संदर्भ में सोसाईटी के वेबसाईट पर विस्तृत सूचना आप सभी को प्रेषित है। दावा/आपत्ति हाथों–हाथ स्वीकार किये जायेंगे।

अनुलग्नकः– औपबंधिक मतदाता सूची कुल 305(तीन सौ पाँच) पृष्ठों में।

जिलाधिकारी
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी, अल–खैर
को–ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी लि0,
पटना।

CamScanner